कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002
दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532 2467504, 0532 2466769 Website: www.entdata.co.in
ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com

विज्ञप्ति

डी0पी0एड0 प्रशिक्षण शैक्षिक सत्र 2025 में चयन हेतु शारीरिक दक्षता मापन कराये जाने हेतु

डी0पी0एड0 प्रशिक्षण हेतु निर्गत शासनादेश 1448/15–11–14 दिनांक 22.10.2014 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में कार्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 27.11.2025 द्वारा डी0पी0एड0 प्रशिक्षण 2025 हेतु ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। डी0पी0एड0 प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु शासनादेश दिनांक 22.10.2014 के बिन्दु 5 एवं 6 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में ऑन लाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये प्रशिक्षण संस्थान के विकल्प के आधार पर मेरिट वरिष्ठताक्रम में शारीरिक दक्षता मापन हेतु अभ्यर्थियों की सूची वर्गवार/श्रेणीवार वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। अभ्यर्थी उक्त सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाइट https://entdata.co.in पर कर सकते हैं।

उक्त सूची में चयनित **पुरूष अभ्यर्थियों** का शारीरिक दक्षता मापन एवं साक्षात्कार **डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालयी क्रीडा संस्थान, उ0प्र0 स्टेडियम, मकबरा, अयोध्या, में दिनांक 20.04.2026 से 22.04.2026 तक** एवं **महिला अभ्यर्थियों** का शारीरिक दक्षता मापन एवं साक्षात्कार **पं0 मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में दिनांक 23.04.2026 से 25.04.2026 तक** सम्पादित होगी। उक्त निर्धारित तिथि में अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता मापन एवं साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है उक्त् तिथि के उपरान्त शारीरिक दक्षता मापन व साक्षात्कार के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के प्रत्यावेदन अविचारणीय होंगे।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय अभ्यर्थी को अभिलेखीय जॉच हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रति, ऑन लाइन फीस पेमेंट की रसीद, सभी मूल अभिलेख (अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र, आरक्षण प्रमाण पत्र, विशेष आरक्षण प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ), फोटो आईडी (जिसका उल्लेख ऑनलाइन आवेदन के समय किया हो) तथा अपना आवक्ष कद (पासपोर्ट साइज) का वही नवीनतम प्रमाणित फोटो, जो आवेदन पत्र में अपलोड की हो, साथ लाना अनिवार्य होगा।

16.4.26
(विपेन्द्र कुमार)
कृते सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0/ गोप0/डी0पी0एड0 25/ 226–34 /2026–27 दिनांकः 16.04.2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
4. संयुक्त शिक्षा निदेशक (प्रशिक्षण) राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,उ0प्र0 लखनऊ।
5. निदेशक, मनोविज्ञानशाला, उ0प्र0 प्रयागराज।
6. प्राचार्य डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालयी क्रीडा संस्थान, उ0प्र0 स्टेडियम अयोध्या, ।
7. प्राचार्या राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उ0प्र0 प्रयागराज।
8. क्रीडा अधिकारी, पं0 मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज।

16.4.26
(विपेन्द्र कुमार)
कृते सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।